लगातार सूखने से यमुना में बढ़ा अमोनिया का स्तर

■ विस, नई दिल्ली: होली से पहले ही राजधानी में पानी का संकट गहराता जा रहा है। अभी तक यमुना के जलस्तर में कमी की वजह से ही पानी सप्लाई में परेशानी आ रही थी। अब पानी की कमी की वजह से यमुना में अमोनिया का स्तर भी बढ़ गया है। ऐसे में वजीराबाद वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता अब 30 प्रतिशत तक कम हो गई है। पिछले तीन दिनों से यह 15 प्रतिशत कम क्षमता पर काम कर रहा था। इसकी वजह से राजधानी का एक बड़ा हिस्सा पानी की समस्या से जूझ रहा है। हालत इसलिए भी गंभीर हो रही है, क्योंकि गर्मी बढ़ने के साथ ही पानी की डिमांड भी हर दिन बढ़ रही है। इस समय पानी की डिमांड करीब 900 एमजीडी है। जबकि दिल्ली जल बोर्ड 830 से 850 एमजीडी पानी की सप्लाई कर पा रहा है।

दिल्ली के कई इलाकों में पानी की सप्लाई भी हुई प्रभावित

दिल्ली जल बोर्ड से मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा की तरफ से यमुना में औद्योगिक कचरा छोड़े जाने और नदी में बहाव कम होने की वजह से अमोनिया बढ़ा है। डीजेबी की टीमें अमोनिया की समस्या को कम करने की कोशिश कर रही हैं। इसके लिए अन्य सोर्स से मिल रहे पानी को मिलाकर वजीराबाद तलाब पर पानी को पतला किया जाता है।

nwda.gov.in